# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद
आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001
(0591) 3511043 ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in


पत्रांक 918/ सामान्य पत्र / 09 दिनांक 22/04/2026

सेवा में

जिलाधिकारी,
मुरादाबाद।

विषय – दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 22.04.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "काम अधूरे, कैसे हों घर–घर साफ पानी के अरमान पूरे" के सम्बन्ध मे

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 22.04.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "काम अधूरे, कैसे हों घर–घर साफ पानी के अरमान पूरे" की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0सं0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | जल जीवन मिशन से जुड़े काम ही नहीं, दावे भी अधूरे हैं। मिशन की शुरुआत के साथ दावा किया गया था कि ग्रामीण क्षेत्र में भी जल्द घर–घर साफ पानी पहुंचेगा। हर घर में नल और जल का सपना पूरा होगा। बदलती तारीखों और मौसम के बीच गर्मी की एक और लहर आ गई। मुरादाबाद जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में मिशन के काम अधूरे हैं। नतीजे में घरों तक साफ पानी की धार के दावे भी पूरे नहीं हो सके। | जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त घरों को ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से क्रियाशील गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा को अनुबन्ध सं0 68/ई0डी0/20 20–21 के अन्तर्गत एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को अनुबन्ध सं0 11/ई0डी0/फेस–3/ 2021–22 के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया है। जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत स्वीकृत 603 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 589 नग नलकूप बोरिंग कार्य पूर्ण, 4154 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण, 398 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण, 170 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण, 227/53 नग सोलर सिस्टम अधिष्ठापन/विद्युत संयोजन के कार्य पूर्ण एवं 303831 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को के सापेक्ष 80 प्रतिशत सड़को को पूर्व की भांति पुर्नस्थापित एवं शेष सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है।<br>वर्तमान में 251 नग राजस्व ग्रामों में उच्च जलाशय/डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से निरन्तर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कार्य धनाभाव के कारण अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्मो द्वारा योजनाओं के समस्त कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि जेजेएम फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइसम द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति नगण्य है, जिस हेतु इस खण्ड के पत्रांक 1565/एन0के0जी0/93 दिनांक 04.10.2024 तथा जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक 1845/एन0के0जी0/89 दिनांक 22.08.2025 एवं पत्रांक 1846 /एन0के0जी0/90 दिनांक 22.08.2025 द्वारा फर्म को चेतावनी/नोटिस दिये गये है। जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा अपने पत्रांक 1714 /एन0के0जी0/93 दिनांक 24.10.2024, पत्रांक 2009/ एन0के0जी0/198 दिनांक 16.12.2024 एवं पत्रांक 2949/ जेजेएम/163 दिनांक 24.12.2025 द्वारा फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ से अनुरोध किया गया है। |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | नलकूप बनाकर भुला दी जलापूर्ति की जिम्मेदारी<br>ठाकुरद्वारा के रामनगर खागूबाला में बने नलकूप से नहीं आ रहा पानी।<br>ठाकुरद्वारा। ग्राम पंचायत रामनगर खागूबाला और इसके मजरा नंगलिया में जल जीवन मिशन का काम एक साल से बंद पड़ा है। गर्मी का दबाव बढ़ने पर भी ग्रामीणों की पेयजलापूर्ति के लिए के मामले में ध्यान नहीं दिया जा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि फरवरी 2023 में काम शुरू हुआ था। रामनगर खागूबाला में पाइप लाइन डाल दी गई। गांव में 1134 घरों में कनेक्शन भी दिए लेकिन टैंक और सप्लाई के काम पर ध्यान नहीं दिया। सिर्फ नलकूप ही बनाया गया। नलकूप से ही सीधे पाइप लाइनों के जरिए पानी देने के दावे भी अधूरे रह गए। मजरा नंगलिया में अभी पाइप लाइन भी नहीं डाली गई है। रामनगर खागूबाला निवासी धर्मदत्त शर्मा एडवोकेट ने कहा कि अभी तक घरों में पानी नहीं आया है। रूपचंद ने बताया कि कनेक्शन के लिए पाइप घर तक पहुंचा लेकिन एक बूंद भी पानी नहीं आया। ग्राम प्रधान फिरोजा खातून और उनके पति साजिद अहमद का कहना है कि करीब एक वर्ष से जल जीवन मिशन का काम बंद है। बड़ी ग्राम पंचायत के इस क्षेत्र में आधे घरों में भी कनेक्शन नहीं हुए हैं। मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी इसकी शिकायत की है। एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह ने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र की दो ग्राम पंचायत में ही मिशन के काम हैंडओवर किए गए हैं। | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम रामनगर खागूवाला की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>ग्राम रामनगर खागूवाला जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के कार्य 90प्रतिशत पूर्ण, बाउन्ड्री वॉल एवं पम्प हाउस के कार्य 95प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 3 | अचानक रोक दिया मिशन का काम<br>कुंदरकी। ग्राम पंचायत डोमघर और मजरा हाशा नगला में जल जीवन मिशन के काम ने तीन साल पहले जोर पकड़ा था लेकिन बाद में अचानक काम रोक दिया। नलकूप, पाइप लाइन आदि का काम होने के बाद भी साफ पानी नहीं मिल पा रहा। ग्रामीण मोहम्मद खालिद ने कहा कि दो साल पहले नलकूप ही बना लेकिन ओवरहेड टैंक का निर्माण शुरू नहीं किया गया। ज्ञापन देने पर भी सुधार नहीं हुआ। अनिल कुमार का कहना है कि डोमघर की कुछ आबादी में तो पाइप लाइन बिछाने का काम भी नहीं हुआ है। डोमघर निवासी आलमगीर, जितेंद्र ने अफसरों से ध्यान देकर जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है। संवाद | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम डोमघर की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>ग्राम डोमघर जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत नलकूप व पम्प हाउस के कार्य पूर्ण एवं वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 25प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 4 | नहीं ले रहे अधूरे ओवरहेड टैंक की सुध<br>बिलारी। बिचौला गांव में बना ओवरहेड टैंक अधूरा है। एक साल से रुके हुए काम की सुध नहीं ली जा रही है। इससे ग्रामीण भीषण गर्मी में साफ पानी के लिए निजी नलकूपों तक दौड़ लगाने को मजबूर होते हैं। गांव में रहने वाली केला देवी और अशोक रानी ने कहा कि ओवरहेड टैंक पूरा हो तो पानी की सप्लाई मिले। जयपाल और अल्तमश ने बताया कि सालभर से ओवरहेड टैंक अधूरा होने की बात ब्लॉक और तहसील के अधिकारियों को बता चुके हैं। मांग करने के बाद भी निर्माण पूरा नहीं हो सका। बिचौला के प्रधान हाजी माजिद अंसारी ने अधूरा काम पूरा कराने के लिए विभागीय अधिकारियों से लगातार पत्राचार किया जा रहा है। | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम बिचौला की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>**बिचौला ग्रामीण पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है, योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने एवं पेयजल गृह संयोजन के कार्य लगभग पूर्ण है तथा उच्च जलाशय के कार्य के कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 5 | दो साल से अधूरा ओवरहेड टैंक का काम<br>बिलारी। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सैंजनी, हौंसपुर, जुलढकिया गांव में भी जल जीवन मिशन साफ पानी की जरूरत पूरी नहीं कर पा रहा है। घर–घर साफ पानी पहुंचाने के लिए बोरिंग हो गया है। पाइप लाइन भी डाल दी है लेकिन लाइन जोड़ने का कार्य अधूरा है। घरों में कनेक्शन भी नहीं किए गए हैं। नतीजे में ग्रामीणों की स्वच्छ पानी की उम्मीद इस गर्मी में भी अधर में अटकी रह गई। | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम सैंजनी, हौसपुर एवं जुलढकिया की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>**सैंजनी ग्रामीण पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है, योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के कार्य 40प्रतिशत पूर्ण है। शीघ्र ही फर्म द्वारा शेष कार्य पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।<br>**हौसंपुर एवं जुलढकिया ग्रामीण पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है, योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के कार्य 80प्रतिशत पूर्ण है, उच्च जलाशय एवं पम्प हाउस के कार्य लगभग 30प्रतिशत पूर्ण है। शीघ्र ही फर्म द्वारा शेष कार्य पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी। |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | **डेढ़ साल से बंद है ओवरहेड टैंक का काम**<br>कांठ। छजलैट ब्लॉक के गांव पहाड़मऊ और किशनपुर के ग्रामीणों की साफ पानी की हसरत इस गर्मी में भी पूरी नहीं हो रही। पहाड़मऊ में जल जीवन मिशन से वर्ष 2023 में 177.83 लाख की लागत से कार्य शुरू हुआ था। पाइप लाइन बिछाई गई, नलकूप का काम किया गया लेकिन ओवरहेड टैंक अधूरा छोड़ दिया। डेढ़ साल से काम बंद है। गांव निवासी अरविंद सिंह ने कहा कि पाइप लाइन, घरों तक टोंटी के बाद ओवरहेड टैंक का कार्य बीच में छोड़ दिया। कृपाल सिंह ने कहा कि इन स्थितियों के कारण गर्मी में साफ पानी का सपना पूरा नहीं हो रहा। वहीं गांव किशनपुर के बाशिंदों ने भी ओवरहेड टैंक का काम पूरा न होने की समस्या बताई। ग्रामीण मनफूल, मुनिराज, पप्पू, राजीव कुमार, परवीन सिंह और सूरज सिंह ने कहा कि आज तक तो पानी मिला नहीं, गांव के रास्ते और खराब कर दिए। डेढ़ साल से बंद काम की ओर जिम्मेदार देखते तक नहीं। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम पहाडमऊ और किशनपुर की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>**किशनपुर ग्रामीण पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के कार्य 60प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 7 | **आधे घरों में नहीं पहुंच रहा पानी**<br>सुरजन नगर। गांव खैरुल्लापुर में ओवरहेड टैंक बनने के बाद भी तमाम घरों में साफ पानी नहीं पहुंच रहा। ग्रामीणों का कहना है कि घरों में टोंटियां न लगने से समस्या आ रही है। जल जीवन मिशन के तहत दिसंबर 2021 में गांव में ओवरहेड टैंक का निर्माण शुरू हुआ था। लगभग तीन माह पूर्व टैंक तैयार हो गया। पाइप लाइन डालकर 250 से अधिक घरों में कनेक्शन भी दे दिए। इसके बाद घरों में टोंटी लगाने का काम जिम्मेदारी से नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आधे घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इस बीच पाइप लाइन में कई जगह लीकेज की समस्या भी उठ खड़ी हुई। ग्राम प्रधान के पति सौरभ कुमार का कहना है घरों में टोटी न लगने से पानी का प्रेशर नहीं बन पाता और आधे गांव में पानी की सप्लाई नही पहुंच पाती। कई बार अधिकारियों से शिकायत की पर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम खैरूल्लापुर की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>**खैरूल्लापुर ग्रामीण पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है, योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने, पेयजल गृह संयोजन एवं सोलर सिस्टम अधिष्ठापन के कार्य पूर्ण है। पम्प हाउस, बाउन्ड्री वॉल एवं उच्च जलाशय के कार्य लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण है। योजना के ट्राइल एण्ड रन के कार्य प्रगति पर है, जिनके पूर्ण होने के उपरांत ग्राम में निरन्तर शुद्व क्लोरीनयुक्त पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

9. मुख्य अभियन्ता महोदय (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
10. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
11. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
12. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
13. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
14. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
15. प्रोजेक्ट हेड/निदेशक, एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मकान नं0–10/66 सेक्टर–10 फेस–2 एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
16. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63 बुद्धि विहार फेस–2 सेंट मेरी स्कूल के पास, दिल्ली रोड, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

# काम अधूरे, कैसे हों घर-घर साफ पानी के अरमान पूरे

मुरादाबाद। जल जीवन मिशन से जुड़े काम ही नहीं, दावे भी अधूरे हैं। मिशन की शुरुआत के साथ दावा किया गया था कि ग्रामीण क्षेत्र में भी जल्द घर-घर साफ पानी पहुंचेगा। हर घर में नल और जल का सपना पूरा होगा। बदलती तारीखों और मौसम के बीच गर्मी की एक और लहर आ गई। मुरादाबाद जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में मिशन के काम अधूरे हैं। नतीजे में घरों तक साफ पानी की धार के दावे भी पूरे नहीं हो सके। संवाद

## नलकूप बनाकर भुला दी जलापूर्ति की जिम्मेदारी




ठाकुरद्वारा के रामनगर खागूवाला में बने नलकूप से नहीं आ रहा पानी। संवाद

ठाकुरद्वारा। ग्राम पंचायत रामनगर खागूवाला और इसके मजरा नंगलिया में जल जीवन मिशन का काम एक साल से बंद पड़ा है। गर्मी का प्रकोप बढ़ने पर भी ग्रामीणों की पेयजलापूर्ति के लिए के मामले में ध्यान नहीं दिया जा रहा।ग्रामीणों ने बताया कि फरवरी 2023 में काम शुरू हुआ था। रामनगर खागूवाला में पाइप लाइन डाल दी गई। गांव में 1134 घरों में कनेक्शन भी दिए लेकिन टैंक और सप्लाई के काम पर ध्यान नहीं दिया। सिर्फ नलकूप ही बनाया गया। नलकूप से ही सीधे पाइप लाइनों के जरिए पानी देने के दावे भी अधूरे रह गए। मजरा नंगलिया में अभी पाइप लाइन भी नहीं डाली गई है। रामनगर खागूवाला निवासी धर्मदत्त शर्मा एडवोकेट ने कहा कि अभी तक घरों में पानी नहीं आया है। रूपचंद ने बताया कि कनेक्शन के लिए पाइप घर तक पहुंचा लेकिन एक बूंद भी पानी नहीं आया। ग्राम प्रधान फिरोजा खातून और उनके पति साजिद अहमद का कहना है कि करीब एक वर्ष से जल जीवन मिशन का काम बंद है। बड़ी ग्राम पंचायत के इस क्षेत्र में आधे घरों में भी कनेक्शन नहीं हुए हैं। मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी इसकी शिकायत की है। एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह ने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र की दो ग्राम पंचायत में ही मिशन के काम हैंडओवर किए गए हैं। संवाद

## अचानक रोक दिया मिशन का काम

कुंदरकी। ग्राम पंचायत डोमघर और मजरा हाशा नगला में जल जीवन मिशन के काम ने तीन साल पहले जोर पकड़ा था लेकिन बाद में अचानक काम रोक दिया। नलकूप, पाइप लाइन आदि का काम होने के बाद भी साफ पानी नहीं मिल पा रहा। ग्रामीण मोहम्मद खालिद ने कहा कि दो साल पहले नलकूप ही बना लेकिन ओवरहेड टैंक का निर्माण शुरू नहीं किया गया। ज्ञापन देने पर भी सुधार नहीं हुआ। अनिल कुमार का कहना है कि डोमघर की कुछ आबादी में तो पाइप लाइन बिछाने का काम भी नहीं हुआ है। डोमघर निवासी आलमगीर, जितेंद्र ने अफसरों से ध्यान देकर जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है। संवाद

## नहीं ले रहे अधूरे ओवरहेड टैंक की सुध

बिलारी। बिचौला गांव में बना ओवरहेड टैंक अधूरा है। एक साल से रुके हुए काम की सुध नहीं ली जा रही है। इससे ग्रामीण भीषण गर्मी में साफ पानी के लिए निजी नलकूपों तक दौड़ लगाने को मजबूर होते हैं। गांव में रहने वाली कैला देवी और अशोक रानी ने कहा कि ओवरहेड टैंक पूरा हो तो पानी की सप्लाई मिले। जयपाल और अल्तमश ने बताया कि सालभर से ओवरहेड टैंक अधूरा होने की बात ब्लॉक और तहसील के अधिकारियों को बता चुके हैं। मांग करने के बाद भी निर्माण पूरा नहीं हो सका। बिचौला के प्रधान हाजी माजिद अंसारी ने अधूरा काम पूरा कराने के लिए विभागीय अधिकारियों से लगातार पत्राचार किया जा रहा है। संवाद



बिलारी के बिचौला गांव का अधूरा पड़ा ओवरहेड टैंक। संवाद

## दो साल से अधूरा ओवरहेड टैंक का काम

बिलारी। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सैंजनी, हीसपुर, तुलसकिया गांव में भी जल जीवन मिशन साफ पानी की जरूरत पूरी नहीं कर पा रहा है। घर-घर साफ पानी पहुंचाने के लिए बोरिंग हो गया है। पाइप लाइन भी डाल दी है लेकिन लाइन जोड़ने का कार्य अधूरा है। घरों में कनेक्शन भी नहीं किए गए हैं। नतीजे में ग्रामीणों को स्वच्छ पानी की उम्मीद इस गर्मी में भी अधर में अटकी रह गई। संवाद



कुंदरकी के डोमघर में बना नलकूप। संवाद



बिलारी के सैंजनी में अधूरा पड़ा ओवरहेड टैंक। संवाद

## डेढ़ साल से बंद है ओवरहेड टैंक का काम

कांठ। छजलैट ब्लॉक के गांव पहाड़मऊ और किशनपुर के ग्रामीणों की साफ पानी की हसरत इस गर्मी में भी पूरी नहीं हो रही। पहाड़मऊ में जल जीवन मिशन से वर्ष 2023 में 177.83 लाख की लागत से कार्य शुरू हुआ था। पाइप लाइन बिछाई गई, नलकूप का काम किया गया लेकिन ओवरहेड टैंक अधूरा छोड़ दिया। डेढ़ साल से काम बंद है। गांव निवासी अरविंद सिंह ने कहा कि पाइप लाइन, घरों तक टोंटी के बाद ओवरहेड टैंक का कार्य बीच में छोड़ दिया। कृपाल सिंह ने कहा कि इन स्थितियों के कारण गर्मी में साफ पानी का सपना पूरा नहीं हो रहा। वहीं गांव किशनपुर के बाशिंदों ने भी ओवरहेड टैंक का काम पूरा न होने की समस्या बताई। ग्रामीण मनफूल, मुनिराज, पप्पू, राजीव कुमार, परवीन सिंह और सूरज सिंह ने कहा कि आज तक तो पानी मिला नहीं, गांव के रास्ते और खराब कर दिए। डेढ़ साल से बंद काम की ओर जिम्मेदार देखते तक नहीं। संवाद



पहाड़मऊ में अधूरा ओवरहेड टैंक। संवाद

## आधे घरों में नहीं पहुंच रहा पानी

सूरजन नगर। गांव खैरुल्लापुर में ओवरहेड टैंक बनने के बाद भी तमाम घरों में साफ पानी नहीं पहुंच रहा। ग्रामीणों का कहना है कि घरों में टोंटियां न लगने से समस्या आ रही है। जल जीवन मिशन के तहत दिसंबर 2021 में गांव में ओवरहेड टैंक का निर्माण शुरू हुआ था। लगभग तीन माह पूर्व टैंक तैयार हो गया। पाइप लाइन डालकर 250 से अधिक घरों में कनेक्शन भी दे दिए। इसके बाद घरों में टोंटी लगाने का काम जिम्मेदारी से नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आधे घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इस बीच पाइप लाइन में कई जगह लीकेज की समस्या भी उठ खड़ी हुई। ग्राम प्रधान के पति सौरभ कुमार का कहना है घरों में टोंटी न लगने से पानी का प्रेशर नहीं बन पाता और आधे गांव में पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाती। कई बार अधिकारियों से शिकायत की पर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। संवाद



खैरुल्लापुर में बना ओवरहेड टैंक। संवाद